भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

# विज्ञापन सं. 1/2013

**भारतीय रिज़र्व बैंक, नागपुर** कार्यालय के चतुर्थ श्रेणी में सुरक्षा गार्ड (अस्थायी) के पदों पर भर्ती हेतु सन 2015 तक प्रतीक्षा सूची तैयार करने के लिए उन **भूतपूर्व सैनिकों** से एतदद्वारा आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है जो आयु, शैक्षणिक अर्हता, आरक्षण (जहां लागू हो) और भर्ती अंचल आदि, से संबंधित पात्रता मानदंड पूर्ण करते हो। पदों कि संख्या और पात्रता मानदंड निम्नानुसार है:

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | भर्ती अंचल | महाराष्ट्र राज्य का विदर्भ क्षेत्र, मध्य प्रदेश तथा छत्तीसगढ़ राज्य. | |
| 2 | पद | सुरक्षा गार्ड | |
| 3 | रिक्त पदों कि अनुमानित संख्या | **21*** | |
| | | अनुसूचित जाति | **--** |
| | | अनुसूचित जनजाति | **06** |
| | | अन्य पिछड़ा वर्ग | **03** |
| | | सामान्य संवर्ग | **12** |
| | ***रिक्तीयों मे बदलाव का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित रहेगा।** | | |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | आवश्यक अर्हताएं | i) उचित सेना की पृष्ठभूमि वाले **भूतपूर्व सैनिक** # जो वास्तव में सैनिक सेवा मे रहें है। उम्मीदवार को सेना में शस्त्र और युध्द सामग्री का प्रयोग करने का अनुभव होना चाहिए ।<br>ii) कक्षा 10वी (उत्तीर्ण) से स्नातकपूर्व \| 15 वर्ष की रक्षा सेवा के साथ मैट्रिक्युलेट भूतपुर्व सैनिक (जिन्हे स्नातक माना जाएगा) वे भी आवेदन करने हेतु पात्र है। रिक्तियों की संख्या के अनुरूप साक्षात्कार हेतु बुलाए जानेवाले उम्मीदवारों की संख्या सीमित करने कि दृष्टि से बैंक को पात्रता मानदंड बढ़ाने का अधिकार होगा और इस संबंध में बैंक का निर्णय अंतिम होगा।<br>iii) नागपुर कार्यालय के अंचल में अर्थात महाराष्ट्र राज्य का विदर्भ क्षेत्र, मध्यप्रदेश तथा छत्तीसगढ़ में स्थित राज्य सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त शिक्षा बोर्ड से अर्हता परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवार ही चयन के लिए पात्र होंगे। |
| | # भूतपूर्व सैनिक का अर्थ है ऐसा व्यक्ति जिसने भारतीय संघ की नियमित थलसेना, जलसेना और वायुसेना में किसी भी रैंक (चाहे युध्दक रहा हो या गैर युध्दक) में सेवा की हो; लेकिन इसमें वे व्यक्ति शामिल नहीं किए जाते जिन्होंने डिफेंस सिक्युरिटी कोर, सामान्य रिजर्व इंजीनियरींग फोर्स, लोक सहायक सेना और अर्धसैनिक बलों में सेवा की हो और जो ऐसी सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद इनसे अपनी पेंशन ले रहे हों; या जो सैन्य सेवा की वजह से या अपने नियंत्रण से परे की स्थितियों के कारण मेडिकल आधारों पर सेवा से कार्यमुक्त किए गए हों; या जो स्थापना में मितव्ययिता के कारण कटौती के परिणामस्वरुप ऐसी सेवा से अपनी ओर से अनुरोध के अलावा कार्यमुक्त किए गए हों; या जो अपनी ओर से अनुरोध के अलावा नियोजन की निर्धारित अवधि पूरी करने बाद ऐसी सेवा से कार्यमुक्त किए गए हों; या जो बर्खास्तगी या कदाचार या अदक्षता के कारण डिस्चार्ज किए गए हों और ग्रेच्युटी पा चुके हों और इनमें निम्नलिखित वर्गो की प्रादेशिक आर्मी के कार्मिक भी शामिल हैं – अर्थात क) लगातार सैनिक सेवा के लिए पेंशन धारक;ख) सैनिक सेवा के दौरान शारीरिक रूप से अक्षम होने वाले व्यक्ति, और ग) शौर्य पुरस्कार विजेता | |
| 5 | 01 मार्च 2013 को आयु सीमा | सामान्य उच्चतम आयु सीमा 25 वर्ष ( अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 30 वर्ष तथा अन्य पिछडे वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 28 वर्ष)। इस आयु सीमा में जितने वर्ष की सेवा सशस्त्र सेना में की है उन वर्षो में 3 वर्ष की और अधिक छूट दी जाएगी बशर्ते, अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक न हो। |
| 6 | वेतन और भत्ते: | उपर्युक्त पद के लिए रुपये.6350-220-7230-260-8010-300-8910-400-9710-500-11710-680-13750 (20 वर्ष) के वेतन श्रेणी में रु.6350/- का प्रारंभिक वेतन + समय – समय पर स्वीकार्य भत्ते । वर्तमान दरो से प्रारंभिक वेतन पर कुल परिलब्धियाँ (वेतन और भत्ते)रु.14932/- लगभग होगी। |
| 7 | कार्य का स्थान: | नागपुर स्थित बैंक के कार्यालय/आवासीय क्वार्टर्स आदि. |
| 8 | चयन पध्दति: | निर्दिष्ट पात्रता मानदंड और शर्तो के अधीन पात्र उम्मीदवारों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। |

| | | |
|---|---|---|
| 9 | आवेदन कैसे करें: | i) उम्मीदवार को इस विज्ञापन के साथ प्रकाशित आवेदन फार्मेट में ही आवेदन करना चाहिए । अन्य किसी फार्मेट में किये गये आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जाएगा।<br>ii) आवेदन अंग्रेजी/हिंदी/मराठी में टाईप किया हुआ या साफ अक्षरों में हाथ से लिखा हुआ होना चाहिए।<br>iii) आवेदन पत्र **<u>साधारण डाक</u>** से ही भेजना चाहिए। आवेदन पत्र **"क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, डॉ.राघवेंद्र राव मार्ग, विधान भवन के सामने, सिविल लाईंस, नागपुर – 440 001"** को संबोधित होने चाहिए। कोई भी आवेदन पत्र व्यक्तिगत रूप से स्वीकार नही किया जाएगा या इसके लिए कोई पावती नही दी जाएगी। रजिस्ट्री डाक /कुरियर सर्विस द्वारा भेजे गए आवेदन पत्र स्वीकार नही किये जाएँगे।<br>iv) आवेदन पत्र के लिफ़ाफ़े पर '' सुरक्षा गार्ड पद के लिए आवेदन'' लिखें। |
| 10 | उम्मीदवारों के आवेदन निम्नलिखित प्रमाणपत्रों द्वारा समर्थित होना चाहिए | i) पासपोर्ट आकार के हस्ताक्षरित् फोटो के साथ आयु, शैक्षणिक अर्हताएं और अनुभव प्रमाणपत्रों की अनुप्रमाणित प्रतियाँ।<br>ii) अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछडी जाति से संबंधित उम्मीदवारों के मामले में सक्षम प्राधिकारी सें संबंधित जाति प्रमाणपत्र की अनुप्रमाणित प्रति।<br>iii) सैनिकी सेवामुक्ति प्रमाणपत्रों की अनुप्रमाणित प्रति। |
| 11 | अंतिम तारीख: | सभी प्रकार के पूर्ण आवेदन पत्र उपर्युक्त पते पर बैंक के कार्यालय में **<u>10 जून 2013</u>** तक (विज्ञापन प्रकाशित होने के 15 दिन के अंदर) अवश्य पहुंच जाने चाहिए। |
| 12 | चेतावनी: | i) जिन आवेदनों के साथ पासपोर्ट आकार के फोटो, आयु, शैक्षणिक अर्हताएं, सैनिकी सेवा, जाति आदि के प्रमाणपत्रों की अनुप्रमाणित प्रतियाँ नही होगी वे आवेदन स्विकार नही किये जायेंगे।<br>ii) शारीरिक रुप से विकलांग/ दुर्बल श्रवण क्षमता या दृष्टि विकलांग भूतपुर्व सैनिक पात्र नहीं होंगे।<br>iii) अपात्र / साक्षात्कार के लिए न बुलाए गये उम्मीदवारों के साथ कोई पत्राचार नही किया जाएगा।<br>ii) किसी भी प्रकार की पैरवी (कॅन्वासिंग) उम्मीदवार की अयोग्यता मानी जाएगी। अपनी उम्मीदवारी के संबंध में जाली दस्तावेज प्रस्तुत करने, असत्य/झूठे वक्तव्य देने, महत्वपूर्ण सूचना को दबाने, अनियमित या अनुचित उपायों का सहारा लेने जैसे, किसी भी प्रकार से अपनी उम्मीदवारी हेतु समर्थन प्राप्त करने का कोई भी प्रयास अयोग्यता का कारण होगा। यदि कोई बेईमान व्यक्ति अवैध मार्ग से सहायता करने का दावा करता हो, तो निम्नलिखित के पास अपनी शिकायत दर्ज करें।<br>iii) शिकायत निवारण कक्ष, भारतीय रिज़र्व बैंक, विधान भवन के सामने, राघवेंद्र राव मार्ग, सिविल लाईंस, नागपुर – 440 001<br>iv) कैंद्रिय सतर्कता आयोग, सतर्कता भवन, ब्लाक ''ए'' जी.पी.ओ. कॉम्प्लेक्स, आइ एन ए, नई दिल्ली-110 023 |

# <u>आवेदन पत्र</u>

**<u>आवेदित पद का नाम :-</u>** <u>सुरक्षा गार्ड</u>

1.पूरा नाम (साफ अक्षरों में) :-
श्री.______________________________________________

2.पिता का नाम :-
श्री.______________________________________________

3. संवर्ग :-

| अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछडा वर्ग | सामान्य |
|---|---|---|---|

4.रक्षा सेवा की अवधि – :-
क) भर्ती की तारीख:- ☐☐ ☐☐ ☐☐☐☐
ख)कार्य मुक्ति की तारीख :- ☐☐ ☐☐ ☐☐☐☐

5.जन्म तारीख :- ☐☐ ☐☐ ☐☐☐☐

6.दिनांक 01.03.2013 को आयु:- वर्ष ☐☐ माह ☐☐ दिन ☐☐

7.शैक्षणिक अर्हता :-

| **परीक्षा उत्तीर्ण** | **विषय** | **उत्तीर्ण होने का वर्ष** | **विश्व विद्यालय/बोर्ड** | **अंको का प्रतिशत** |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

8. रोजगार कार्यालय का रजिस्ट्रेशन क्रमांक तथा रजिस्ट्रेशन की तारीख :-

9. संपर्क के लिए डाक का पता :-

...2...

10. टेलीफोन/मोबाईल नं.

11. अनुभव आदि, यदि कोई हो, तो :-

| **संस्था का नाम, जहाँ कार्यरत है** | **दिनांक से** | **दिनांक तक** | **अवधि (वर्षों की संख्या** | **टिप्पणी** |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

12. अन्य अर्हता :-

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________

13. मैं यह घोषित करता हूं कि इस आवेदन में दिये गये सभी विवरण मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण और सही है । मैं जानता हूं कि यदि किसी भी समय इस आवेदन में दी गयी जानकारी असत्य/अपूर्ण/गलत पायी जाती है या बैंक द्वारा दिए गए पात्रता मानदंड पूरे नहीं किये जाते है तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति रद्द/निरस्त की जा सकेगी ।

स्थान - आवेदक के हस्ताक्षर

दिनांक -

नाम -

अनुलग्नक -

नोट :- आवेदन पत्र में दिये गये विवरणों के समर्थन में आवश्यकतानुसार प्रमाणपत्रो की सत्यापित प्रतियां संलग्न की जाए।